हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय
Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University
श्रीनगर गढ़वाल (उत्तराखण्ड)–246174
Srinagar Garhwal (Uttarakhand) - 246174
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University)

Ref.No.: HNBGU/ RO /2026/ 80

Date: 27 04 /2026

परिपत्र

एतद्द्वारा समस्त सम्बन्धितों को अवगत कराना है कि वर्तमान में विश्वविद्यालय परीक्षायें संचालित हो रही हैं। परीक्षाओं के सुचारू एवं सफल सम्पादन हेतु विश्वविद्यालय में कार्यरत प्राध्यापकों को समय–समय पर परीक्षा कक्ष निरीक्षक/पयर्वेक्षक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गयी हैं।

केन्द्राध्यक्ष द्वारा मानीय कुलपति महोदय के संज्ञान में यह लाया गया है कि कतिपय प्राध्यापकों द्वारा उन्हें आवंटित परीक्षा कार्य दायित्वों से अनुपस्थित रहने के कारण परीक्षा कार्यो के संचालन में कठिनाईयाँ उत्पन्न हो रही हैं।

अतः विश्वविद्यालय में कार्यरत् समस्त प्राध्यापको/कर्मचारियों को निर्देशित किया जाता है कि उन्हें आवंटित परीक्षा संबंधी कार्य दायित्वों का निर्वहन करना सुनिश्चित करें। ऐसे प्राध्यापकों/कर्मचारी जिन्हें चिकित्सीय आधार पर अवकाश पूर्व स्वीकृत हों, वे केन्द्राध्यक्ष को सूचित करना सुनिश्चित करें ताकि परीक्षा कार्यो के संचालन की वैकल्पिक व्यवस्था की जा सके।

साथ ही, किसी विशेष परिस्थिति में अवकाश पर जाने से पूर्व वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित कर केन्द्राध्यक्ष को सूचित करना अनिवार्य होगा। अन्यथा, परीक्षा कार्य दायित्वों के निर्वहन में अनुपस्थिति को घोर लापरवाही एवं अनुशासनहीनता माना जाएगा।

यह परिपत्र सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन उपरांत जारी किया जा रहा है।

कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवही हेतु प्रेषितः–

1. समस्त परिसर निदेशक/संकायाध्यक्ष/विभागाघ्यक्ष – सम्बन्धित विभाग में सभी शिक्षकों को सूचित करने हेतु।
2. केन्द्राध्यक्ष, बिड़ला/चौरास परिसर।
3. अधिष्ठाता छात्र कल्याण/नियंता/मुख्य छत्रावास अधीक्षक/पुस्तकालयाध्यक्ष।
4. वित्त अधिकारी/परीक्षा नियंत्रक/निदेशक आई.क्यू.ए.सी./एम.एम.टी.टी.सी।
5. समस्त उप कुलसचिव/सहायक कुलसचिव/जनसम्पर्क अधिकारी।
6. प्रभारी सिस्टम मैनेजर – विश्वविद्यालय की वैब साईट पर उपलोड करने हेतु।
7. सहायक कुलसचिव, कुलपति सचिवालय, माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।

कुलसचिव